## एक नजर में

### वरिष्ठ नरेंद्र शर्मा पंचतत्व में विलीन



**नरसिंहगढ़ 07 जून, सं.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिक नरेंद्र शर्मा का अंतिम संस्कार रविवार को नगर में श्रद्धा और सम्मान के साथ संपन्न हुआ. उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन, रिश्तेदार, मित्र, स्वयंसेवक एवं नगरवासी शामिल हुए. बाराद्वारी स्थित निवास से उनकी अंतिम यात्रा में लोगों ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी. अंतिम यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मुक्तिधाम पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया. इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की. वक्ताओं ने स्वर्गीय शर्मा के सरल, मिलनसार एवं सामाजिक जीवन को स्मरण करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया. अंत्येष्टि के दौरान वातावरण गमगीन रहा और उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की.

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**सुठालिया 07 जून, सं.** थाना अंतर्गत रविवार सुबह से ढकन्यापुरा माता मंदिर के पास एक 25 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का मामला प्रकाश में आया है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर मर्ग कायम कर जांच शुरू की है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 11 बजे के लगभग नगर के समीप स्थित ढाकन्यापुरा माता मंदिर के पास आम के पेड़ के नीचे एक 25 वर्षीय युवक का शव चादर ओढ़े हुए पड़ा था. मौके पर मंदिर पहुंचे लोगों ने युवक का शव देखा तो उसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान नजदीकी ग्राम कोटरा निवासी अरुण पिता प्रेम सिंह के रूप में हुई. पुलिस ने उसके परिजनों को सूचित किया और शव को जब्त कर पंचनामा बनाकर स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया. पीएम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया.

### खरेटिया में भागवत कथा का समापन

**ब्यावरा, 07 जून, का.** समीपस्थ ग्राम खरेटिया में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को भव्य समापन हुआ. कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े. समापन अवसर पर कथा प्रवक्ता पंडित सतीश नागर ने सुदामा चरित्र के मर्मस्पर्शी प्रसंग का वर्णन करते हुए उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया. कथा व्यास पीठ से सुदामा चरित्र की व्याख्या करते हुए पं. सतीश नागर ने कहा कि संसार में मित्रता की यदि कोई सच्ची मिसाल है, तो वह भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की है. उन्होंने कहा मित्रता कभी भी किसी के प्रभाव या वैभव को देखकर नहीं, बल्कि निस्वार्थ भाव से निभानी चाहिए. आज के युग में लोगों को इस पावन प्रसंग से सीख लेने की जरूरत है. उन्होंने आगे श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में चाहे कितना भी कठिन समय या दु:ख आ जाए, मनुष्य को कभी भी अपना धैर्य नहीं खोना चाहिए. परमात्मा पर अटूट विश्वास और धैर्य ही व्यक्ति को हर संकट से पार लगाता है.

# 90 प्रतिशत से कम अटेंडेंस पर नहीं होगा तबादला

## रिटायरमेंट में एक साल बचा है तो होगी अतिशेष में गिनती, आज से तबादले के लिए होंगे ऑनलाईन पंजीयन

**08 जून से 15 जुलाई तक चलेगी प्रक्रिया मतदाता सूची में लगे शिक्षकों, कर्मचारियों को लेक स्पष्टता नहीं**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 07 जून, का. आज 8 जून से प्रदेश भर में शिक्षा विभाग में पदस्थ लिपिक वर्गीय कर्मचारियों, अधिकारियों और अतिशेष शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू होने जा रहा है. यह प्रक्रिया आगामी 15 जुलाई तक जारी रहेगी. इस प्रक्रिया में कई ऐसे मापदंड तय किए गए है जिनमें शिक्षकों को नियमों के अनुसार तबादले लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है.**

आज से ऑनलाईन पंजीयन स्थानांतरण के लिए शुरू होंगे. इसमें कई मानक तय किए गए है. जिनमें सबसे बड़ा मानक अटेंडेंस को लेकर सामने आया है. इसमें 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस वाले शिक्षकों को तबादला सूची में शामिल नहीं किया जाएगा. इसे लेकर कई शिक्षक पसोपेश की स्थिति में आ गए है. क्योंकि बीते दिनों सार्थक एप्प से अटेंडेंस लगाने को लेकर कई प्रकार के गतिरोध सामने आए थे.

उल्लेखनीय है कि 6 जून को जारी आदेश के बाद राज्य शासन की नई तबादला नीति के तहत जिला स्तर पर शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है. इसी सिलसिले में शिक्षा विभाग की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) में वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन शिक्षकों की उपस्थिति ई-अटेंडेंस 90 प्रतिशत से कम है, उन्हें नई प्रक्रिया के तहत ट्रांसफर का लाभ नहीं मिलेगा. कैंसर, हार्ट सर्जरी जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित कर्मियों और सेवा निवृत्ति के लिए 1 वर्ष से कम समय शेष रहने वाले कर्मचारियों का मामला: ट्रांसफर नहीं किया जाएगा. इसके लिए 15 जून अंतिम तिथि तय की गई है. अधिकारियों से कहा गया है कि अंतिम समय में भागदौड़ और प्रस्ताव लंबित रहने की स्थिति से बचने के लिए वे 4-5 दिन पहले ही प्रभारी मंत्री से मंजूरी प्राप्त कर लें.

### रिटायरमेंट में एक साल बचा है तो शामिल होंगे अतिशेष में




6 जून को जारी किए गए तबादले आदेश में कंडिका क्रमांक 3.1.4 के अनुसार जिन शिक्षकों अथवा लोकसेवकों की रिटायरमेंट में एक वर्ष अथवा उससे कम अवधि बची है वे अतिशेष में गिनती किए जाएंगे और स्थानांतरण के लिए पात्र नहीं होंगे. ऐसे में इस प्रकार की श्रेणी में आने वाले शिक्षक जो अपने गृह क्षेत्र से रिटायरमेंट लेने की आस में थे वे अब मूल पदस्थापना से ही सेवानिवृत्त होंगे. ऐसे में उन्हें पेंशन भी वर्तमान जिले में जहां पदस्थ हैं वहीं कोषालय से जारी करवानी होगी. इसके अलावा 40 प्रतिशत से कम निशक्तता वाले लोकसेवकों को भी स्थानांतरण के लिए पात्र नहीं माना जाएगा.

### शिक्षकों के रिकॉर्ड को अपडेट किया जा रहा है

लोकशिक्षण संचालनालय के आदेश के बाद निर्देश दिए है कि तबादला नीति अंतर्गत जारी होने वाली 90 प्रतिशत से कम ई-अटेंडेंस वाले शिक्षकों सहित अन्य जरूरी जानकारी पोर्टल पर अपडेट कराई जा रही है. नीति जारी होने के बाद नियमित प्रक्रिया के अनुसार शिक्षकों से तबादले के आवेदन लिए जाएंगे और सत्यापन मंजूरी के लिए प्रभारी मंत्री को भेजा जाएगा.

### क्या है तबादला नीति के मुख्य नियम

सामान्य स्थानांतरण सिर्फ 1 जुलाई से 15 जून 2026 तक ही होगा. इसके बाद केवल मुख्यमंत्री की मंजूरी से विशेष परिस्थितियों में ही तबादले होंगे.

पदस्थापित पदों पर गृह जिले में पदस्थापना नहीं होगी (अविवाहित, विधवा या विकलांग महिला शिक्षकों को छूट).

पति-पत्नी नीतिः के तहत आने वाले मामलों को 20 प्रतिशत की तय सीमा से युक्त (अतिरिक्त) रखा गया है.

3 साल से अधिक अवकाश पर रहे या पदस्थापना एवं समय-सीमा (लंबित/लापता) 3 साल पूरे नहीं हुए हैं, उन्हें भी इस प्रक्रिया से बाहर रखा गया है.

# कपड़े सुखाने को लेकर विवाद, विवाहिता से मारपीट का आरोप

**खिलचीपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से किया इंकार पीड़ित परिवार न्याय की मांग कर रहा है**

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 07 जून, सं. खिलचीपुर की एक विवाहिता ने अपने पति, जेठानी और उनके दो बेटों पर लाठी-डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया है. पीडिता का कहना है कि घटना के बाद उसने राजस्थान के अकलेरा थाने में शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई. वहीं, खिलचीपुर पुलिस ने भी घटना राजस्थान में होने का हवाला देते हुए मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया.**

सोमवारिया निवासी बबली बी ने बताया कि करीब नौ वर्ष पूर्व उसकी शादी राजस्थान के झालावाड़ जिले के अकलेरा निवासी बदरुद्दीन शाह से हुई थी. दंपती का एक आठ वर्षीय पुत्र बिलाल राजा है. शनिवार सुबह करीब 8 बजे वह घर में कपड़े सुखा रही थी. इसी दौरान उसकी जेठानी ने कपड़े वहां नहीं सुखाने की बात कही. जिस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई. महिला का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर उसके पति बदरुद्दीन शाह ने उसे पकड़ लिया, जबकि जेठानी और उसके दो बेटों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी.

जिससे उसके हाथ, पैर और कमर में चोटें आई हैं. घटना के बाद उसके पुत्र बिलाल ने फोन कर खिलचीपुर में रह रही अपनी नानी हसीना बी को पूरी जानकारी दी और मदद के लिए बुलाया.

वह घायल बेटी को लेकर थाने गई. परिवार का आरोप है कि वहां पुलिस ने न तो शिकायत दर्ज की और न ही मेडिकल परीक्षण कराया. काफी देर इंतजार के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर वे वापस खिलचीपुर लौट आए.

रविवार को पीड़िता अपने माता-पिता के साथ खिलचीपुर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराने की मांग की. महिला का आरोप है कि यहां भी पुलिस ने यह कहते हुए मामला दर्ज नहीं किया कि घटना राजस्थान में हुई है, इसलिए शिकायत वहीं दर्ज करानी होगी. फिलहाल पीड़ित परिवार न्याय की मांग कर रहा है.

# अंतत : दुरूस्ती के साथ तैनात हुई टोल नाके पर क्रेन मशीन

## महीनो से खराब पड़ी थी क्रेन मशीन



नवभारत न्यूज,

**राजगढ़ 07 जून, का. राजगढ़-ब्यावरा मार्ग पर स्थित हिरणखेड़ी टोल प्लाजा पर खराब पड़ी क्रेन मशीन अंततः खबर लगने के बाद दुरूस्ती के साथ तैनात कर दी गई है. नवभारत ने मामले को लेकर बीते 13 मई को समाचार का प्रकाशन किया था.**

**यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सवालों के घेरे में आ रही थी. टोल प्लाजा पर क्रेन सुविधा नहीं होने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद टोल प्रबंधन हरकत में आया और कुछ दिनों के लिए यहां क्रेन की व्यवस्था दिखाई देने लगी.**

कुछ दिन पूर्व टोल प्लाजा पर खड़ी क्रेन पूरी तरह जर्जर हालत में पहुंच चुकी थी. क्रेन के टायरों में हवा तक नहीं थी और मशीन लंबे समय से एक स्थान पर खड़ी-खड़ी धूल खा रही थी. स्थिति देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह क्रेन किसी भी आपातकालीन स्थिति में तत्काल उपयोग के लायक नहीं बची है.

राष्ट्रीय राजमार्ग 52, जयपुर से जबलपुर पर हर दिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं. ऐसे में दुर्घटना होने पर क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने और घायलों तक समय पर मदद पहुंचाने के लिए क्रेन और रेस्क्यू सुविधा बेहद जरूरी मानी जाती है. बावजूद इसके हिरणखेड़ी टोल पर सुरक्षा सुविधाएं केवल कागजों और खाना पूर्ति तक सीमित दिखाई दे रही थी.

एनएचएआई और मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड के नियमों के अनुसार टोल प्लाजा पर 24 घंटे क्रेन, एम्बुलेंस, पेट्रोलिंग वाहन और आपातकालीन सहायता उपलब्ध रहना अनिवार्य है, ताकि दुर्घटना की स्थिति में तत्काल राहत कार्य किया जा सके. लेकिन हिरणखेड़ी टोल पर मौजूदा हालात इन नियमों की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। यदि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो जाए तो जर्जर पड़ी यह क्रेन किसी काम नहीं आएगी और राहत कार्य प्रभावित होगा.

### यूटिलिटी सेवाएं उपलब्ध

*टोल प्लाजा की क्रेन करीब एक सप्ताह पहले सुधर कर आ गई है. एम्बुलेंस, यूटिलिटी वेन सहित क्रेन मशीन सुविधा उपलब्ध है.*

**प्रकाश कुमार, मैनेजर, हिरणखेड़ी टोल**

### शराब के नशे में सड़क पर गिरा युवक

**राजगढ़ 07 जून, का.** खिलचीपुर नगर के वार्ड नंबर 15 स्थित माली समाज मंदिर के पास रविवार को एक युवक शराब के नशे की हालत में चलते-चलते अचानक सड़क पर गिर पड़ा. गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट आ गई और सड़क पर काफी खून बहने लगा. घटना के बाद युवक करीब आधे घंटे तक सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा तड़पता रहा. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक नशे की हालत में सड़क से गुजर रहा था. इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ा और वह सड़क पर गिर गया. सिर में गहरी चोट लगी है. युवक को कट्टे पर रखकर चार लोगों की मदद से सड़क से उठाकर डायल-112 वाहन तक पहुंचाया. इसके बाद पुलिस घायल युवक को खिलचीपुर सिविल अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उसका इलाज जारी है.फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है.

# कंस रूपी शत्रुओं का नाश करना ही सच्ची साधना

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 07 जून, सं. जेतपुरा कलां गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस ज्योतिषाचार्य पं. सुरेश बिहारी जी नागर ने रुक्मिणी-कृष्ण विवाह का संगीतमय भजनों के साथ मार्मिक चित्रण किया.**

पं. नागर ने बताया कि रुक्मिणी ने भगवान से प्रार्थना कर तय किया था कि मेरा विवाह कृष्ण से ही हो, उन्होंने मन से कृष्ण को पति मान लिया था. इसी दौरान रुक्मिणी के भाई रुक्मी ने दूसरी जगह सगाई तय कर दी. तब मां भवानी की पूजा-अर्चना के फलस्वरूप भगवान कृष्ण स्वयं आए और रुक्मिणी को लेकर गए.

उन्होंने शरीर और मन की शुद्धि पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हमें अपने शरीर को मथुरा बनाना होगा, क्योंकि इस शरीर में छह कंस काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर निवास करते है.जब तक इन छह विकारों रूपी कंस को समाप्त नहीं किया जाएगा. तब तक जीवन में शांति और भक्ति संभव नहीं है. इन कंस रूपी शत्रुओं का नाश करना ही सच्ची साधना है. उन्होंने कहा कि जैसे भगवान कृष्ण ने मथुरा में कंस का वध कर धर्म की स्थापना की. वैसे ही हमें भी अपने अंदर बैठे इन छह कंस को ज्ञान और भक्ति से मारना होगा. तभी हृदय में परमात्मा का वास होगा और शरीर सच में मथुरा बन पाएगा.

भक्ति नौ प्रकार की होती है - श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन. रसोई घर एवं ईश्वर के मंदिर में बिना क्रोध के जाना चाहिए. तभी अन्न और भक्ति में शुद्धता आती है. कथा आयोजक जेतपुरा कलां निवासी दिनेश गुप्ता, योगेश गुप्ता वकील द्वारा करवाई जा रही है. इस मौके पर सेवानिवृत्त कलेक्टर रमेशचंद्र भंडारी, गोपालचंद गुप्ता, पुरूषोत्तम घाटिया सहित श्रोतागण उपस्थित रहे.

# नारी की अस्मिता से जुड़ा है द्रौपदी महाप्रसंग

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 07 जून, का. नगर के वल्लभा गार्डन परिसर में किन्नर समाज द्वारा आयोजित भागवत कथा में बड़ी संख्या में शनिवार रात्रि को श्रोता शामिल हुए. व्यासगादी से कथावाचक प्रेमलता शरण ने द्रौपदी प्रसंग का काफी मार्मिक चित्रण किया. उन्होंने दौपदी वस्त्रहरण से लेकर उनके वनवास और संकल्पों को लेकर व्याख्यान किया. जिसे श्रोताओं ने काफी पसंद किया.**



# 64 गांव की भजन मण्डलियों ने किए तलेन में कीर्तन


नवभारत न्यूज

**तलेन 07 जून, सं.** नगर तलेन के यादव मोहल्ले में श्री बंजरग कीर्तन मंडली मंडलोईपुरा के तत्वावधान में शुक्रवार रात्रि को झंडा कीर्तन मंडली बुलाने का कार्यक्रम श्री राधाकृष्ण मंदिर यादव धर्मशाला प्रांगण में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में नगर के आसपास सहित दूरदराज के गांवों, आसारेटा ,आबाडा , गुज़ारी, कांसरोद, गिंदोली, लाहरखेडा, बनी, अब्दापुर, जबरदी, सुखा बमोरा, नाहली धुआं खेड़ी,बरूखेडी, आमलवती, बावड़ी खेड़ा सहित 64 गांवों की कीर्तन मंडलियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई. कीर्तन मंडलियों को श्रीफल व भेंट देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन गोपाल कृष्ण यादव ने किया.इस मौके पर काफी संख्या में महिलाओं पुरुषों , बच्चों ने सुमधुर भजनों का आनंद लिया.

# संगठन को बढ़ाने और मजबूत करने की अपील की




**नवभारत न्यूज, तलेन 07 जून, सं.** रविवार को भाजपा मंडल की कामकाजी बैठक जिला प्रभारी ध्रुवनारायण सिंह और जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह सिंह गुर्जर की उपस्थिति में हुई. बैठक मे आये कार्यकर्ताओ को जिला प्रभारी ने संगठन मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश दिए. कार्यकर्ताओ को जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर द्वारा भी संबोधित किया गया. बैठक में अंकुर तिवारी, जिले के उपाध्यक्ष और इस अभियान प्रभारी मोहन गुप्ता, मंडल प्रभारी कैलाश सोनी, जिला उपाध्यक्षगण मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं पार्षद कैलाश मोहन यादव वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद अवध नारायण उपाध्याय, सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक मानसिंह यादव फौजीसरकार, पवन यादव, गोपी राजपूत, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरिता सहगल, दिनेश मकवाना, पूर्व महामंत्री घनश्याम जाटव, विक्रम सिंह राजपूत, जिपं सदस्य रामबाबू, नपाध्यक्ष नारायण सिंह यादव, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद यादव एवं पार्षदगण भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद रहे.



# पुरुषोत्तम मास में भागवत कथा सुनने का विशेष महत्व है

नवभारत न्यूज

**राजगढ़, 07 जून, का. स्थानीय फूलमाली समाज द्वारा पुरुषोत्तम मास (मलमास) के पावन अवसर पर समस्त समाजजनों के सहयोग से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है. फूलमाली समाज धर्मशाला में चल रही इस कथा के पांचवें दिन रविवार को कथा स्थल पर भक्ति का अनूठा उल्लास देखने को मिला. इस दौरान भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव एवं रुक्मणी विवाह प्रसंग अत्यंत भावपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ.**

कथा व्यास पंडित दिलीप सारस्वत ने पांचवें दिन की कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं और उनके दिव्य अवतार का वर्णन किया. उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को मुख्य संदेश देते हुए कहा कि मानव जीवन का असली उद्देश्य सांसारिक मोह-माया के बंधनों से मुक्त होकर परमात्मा से मिलन की आस्था को जागृत करना है. उन्होंने पुरुषोत्तम मास में श्रीमद् भागवत कथा श्रवण के विशेष महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी.

श्रद्धालुओं ने जमकर की पुष्पवर्षा, भजनों पर झूमे भक्त

कथा के दौरान जैसे ही भगवान कृष्ण के जन्म और रुक्मणी विवाह का प्रसंग आया, पूरी धर्मशाला नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठी. इस अवसर पर भगवान की आकर्षक झांकी सजाई गई और श्रद्धालुओं ने जमकर पुष्पवर्षा की.

इस धार्मिक आयोजन में फूलमाली समाज के वरिष्ठ जनों, युवाओं, महिलाओं सहित बड़ी संख्या में नगर के श्रद्धालुओं ने उपस्थिति दर्ज कराई.

सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने महाआरती के बाद प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ लिया और इस पुनीत कार्य से अपने जीवन को धन्य बनाया.

**समारोह** — हजारों लोगों ने लिया हिस्सा, वक्ताओं ने प्रताप के संघर्ष को सराहा

# सारंगपुर में महाराणा प्रताप जयंती पर निकला चल समारोह

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 07 जून, सं. सारंगपुर में रविवार को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर एक विशाल चल समारोह और आमसभा का आयोजन किया गया. महाराणा प्रताप उत्सव समिति एवं करणी सेना परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में राजपूत समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया.**






यह विशाल चल समारोह सुबह 11 बजे राठी मांगलिक परिसर से शुरू हुआ. शोभायात्रा न्यू बस स्टैंड, नया अस्पताल, बाग कुआं, टंकी चौक, जामा मस्जिद, सरदार बाजार, भेरू दरवाजा चौराहा और महाराणा प्रताप चौराहे सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी. यात्रा के दौरान नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर इसका स्वागत किया. चल समारोह में पारंपरिक राजपूती वेशभूषा में सजे युवा, बुजुर्ग और महिलाएं आकर्षण का केंद्र रहे. खुली गाड़ियों पर महाराणा प्रताप के चित्र और सुसज्जित झांकियां निकाली गई. डीजे, ढोल, नगाड़ों और बैंड की धुन पर युवा उत्साह के साथ जयकारे लगाते हुए चल रहे थे. पूरे मार्ग पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा.

विशाल आम सभा को संबोधित करते हुए करणी सेवा परिवार के मुखिया जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि राजगढ़ जिले में राज परिवार की संपत्ति पर कुछ लोग अवैध कब्जा और उनकी संपत्ति छीनना चाहते हैं. हम एकजुट होकर अपनी लड़ाई लड़ेंगे साथ ही पूर्व ऊर्जामंत्री, एवं जिलाध्यक्ष, राजगढ़ कांग्रेस प्रियव्रतसिंह खींची, पूर्व विधायक शुजालपुर जसवंतसिंह हाड़ा, पूर्व सचिव, करणी सेना परिवार अजीतसिंह खड़ी डोडिया, प्रदेश अध्यक्ष, अ.भा. क्षत्रिय महासभा, बांकानेर रामवीरसिंह सिकरवार शाजापुर, युवा प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, अमेठी दीपसिंह सोनगरा,करणी सेना परिवार शैलेन्द्रसिंह झाला,ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये, चल समारोह का विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक पार्टी द्वारा पुष्प की वर्षा कर स्वागत किया गया. इस दौरान बड़ी सख्या मे समाज जन शामिल थे. कार्यक्रम का संचालन करणी जिला अध्यक्ष मयंक प्रताप सिंह ने किया एवं सभी का आभार महाराणा प्रताप उत्सव समिति एवं करणी सेना परिवार जिला राजगढ़ किया गया.